## ★ प्रस्ताव 50 के पक्ष में तर्क ★

*TRUMP को 2026 के चुनावों में हेराफेरी करने से रोकें*

Donald Trump और Texas रिपब्लिकन संसदीय निर्वाचन सीटों को चुराने के लिए एक अभूतपूर्व सत्ता हड़पने करने की कोशिश कर रहे हैं और मतदान शुरू होने से पहले 2026 के चुनाव में हेराफेरी कर रहे हैं।

अन्य रिपब्लिकन राज्य भी इनका अनुसरण कर रहे हैं। वे कांग्रेस को नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त सीटें चुराना चाहते हैं, भले ही मतदाता उनके एजेंडे को भारी बहुमत से अस्वीकार कर दें।

यह कोई सामान्य राजनीति नहीं है। यह हमारे लोकतंत्र के लिए एक आपातकालीन स्थिति है।

*कांग्रेस में उचित प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित बनाएँ*

हमने पहले ही देखा है कि कैसे Trump ने लापरवाही से टैरिफ लगाया है और California के परिवारों को नुकसान पहुंचाया है, आग से पीड़ितों को आपदा सहायता देने से इनकार किया है, और वारंट के बिना बड़े पैमाने पर गिरफ्तारियों का आदेश दिया है। कांग्रेस के लिए 2026 का चुनाव Trump के खतरनाक एजेंडे पर आवश्यक संतुलन और नियंत्रण प्रदान करने के लिए हमारे एकमात्र मौके का प्रतिनिधित्व करता है।

अगर California निवासी अभी भी कार्रवाई नहीं करते हैं, तो Donald Trump दो और वर्षों के लिए पूरी तरह से सत्ता पर कब्ज़ा कर लेगा। प्रस्ताव 50, चुनाव में हेराफेरी पर प्रतिक्रिया संबंधी अधिनियम, उनकी इस लोकतांत्रिक विरोधी योजना पर रोक लगाएगा। यहाँ बताया गया है कि यह क्या करता है।

- *सभी के लिए संघर्ष के मैदान को एक समान रखता है।* प्रस्ताव 50 सुनिश्चित करता है कि 2026 मध्यावधि चुनाव रिपब्लिकन को अनुचित लाभ दिए बिना सभी के लिए संघर्ष के मैदान को एक समान रखते हुए आयोजित किए जाते हैं।
- *ज़िलों के उचित पुनर्विभाजन के लिए प्रतिबद्ध है।* प्रस्ताव 50 California की ज़िलों के उचित पुनर्विभाजन की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है और उचित और निष्पक्ष नक्शों के लिए एक राष्ट्रव्यापी प्रतिबद्धता की अपील करता है।
- *मतदाताओं को ताकत (अधिकार) देता है।* प्रस्ताव 50 Trump की चुनावी हेराफेरी वाली योजना के जवाब में आपातकालीन संसदीय निर्वाचन ज़िलों के नक्शों को मंज़ूरी देने के लिए, California के लोगों को अधिकार देता है, न कि बैकरूम के राजनेताओं को।
- *निष्पक्ष और आनुपातिक है।* प्रस्ताव 50 केवल इसलिए आपातकालीन नक्शे प्रदान करता है क्योंकि रिपब्लिकन सत्ता हथियाने की अपनी योजना के साथ आगे बढ़े।
- *यह अस्थायी है।* ये नक्शे 2030 में समाप्त हो जाते हैं। प्रस्ताव 50 California के पुरस्कार विजेता ज़िलों के पुनर्विभाजन सुधारों को संरक्षित करता है और अगली जनगणना के बाद संसदीय निर्वाचन ज़िलों को बनाने के California के ज़िलों के पुनर्विभाजन के नागरिक आयोग के अधिकार की फिर से पुष्टि करता है।

परिस्थिति अत्यंत गंभीर है। अगर रिपब्लिकन अगले साल चुनाव में हेराफेरी करते हैं और कांग्रेस पर नियंत्रण को चुरा लेते हैं, तो वे लाखों अमेरिकियों के लिए स्वास्थ्य सेवा को समाप्त करना जारी रखेंगे, स्कूलों के लिए फंडिंग को काटना जारी रखेंगे, और रिटायर्ड सैनिकों के लिए आवश्यक सेवाओं में कटौती करना जारी रखेंगे ताकि वे अरबपतियों और बड़े निगमों के लिए टैक्स विरामों का भुगतान करें।

*सभी 50 राज्यों में लोकतंत्र की रक्षा करता है*

California का कर्तव्य है कि वह लोकतंत्र की रक्षा करे। ऐसा करने के लिए, हम एकतरफा रूप से निरस्त्र नहीं रह सकते या हमारी पीठ के पीछे बंधे दोनों हाथों से लड़ नहीं सकते हैं। जब Trump चुनावों में हेराफेरी करने की कोशिश कर रहा है, तो हमें हर उपलब्ध जरिए के साथ वापस संघर्ष करना चाहिए।

प्रस्ताव 50 निष्पक्ष नक्शे बनाता है जो California के विविध समुदायों का प्रतिनिधित्व करते हैं और यह सुनिश्चित करते हैं कि हमारी आवाज़ अन्य राज्यों में पक्षपाती निर्वाचन क्षेत्र विभाजन (जैरिमैंडरिंग) द्वारा चुप नहीं कराई जा सकती है।

California मतदान के अधिकारों और निष्पक्ष चुनावों की रक्षा करने में राष्ट्र का नेतृत्व करता है। जबकि अन्य राज्य हमारी आवाज़ों को चुप कराने और सिस्टम में हेराफेरी करने की कोशिश कर रहे हैं, तो हमें निर्णायक रूप से जवाब देना होगा।

President Barack Obama, Governor Gavin Newsom, Senator Alex Padilla, Senator Adam Schiff, Speaker Emerita Nancy Pelosi, चुनाव विशेषज्ञ, ज़िलों के पुनर्विभाजन का स्वतंत्र नागरिक आयोग, नियोजित पितृत्व, रंगभेद से प्रभावित लोगों की उन्नति के लिए राष्ट्रीय संघ (NAACP), California भूतपूर्व सैनिक, अध्यापक, और नर्सों के साथ शामिल हों।

Trump की चुनाव में हेराफेरी की योजना को रोकने के लिए प्रस्ताव 50 पर हाँ में मतदान करें।

शक्ति का आवश्यक संतुलन और नियंत्रण को बनाए रखने के लिए हाँ में मतदान करें।

सभी 50 राज्यों में लोकतंत्र की रक्षा करने के लिए हाँ में मतदान करें।

**Governor Gavin Newsom**

**U.S. Senator Alex Padilla**

**U.S. Speaker Emerita Nancy Pelosi**

## ★ प्रस्ताव 50 के पक्ष में तर्क का खंडन ★

गलत मार्ग—प्रस्ताव 50 पर नहीं

अमेरिकी लोकतंत्र पहले से ही संकट में है, और तेज़ी से बढ़ता हुआ निर्वाचन क्षेत्र विभाजन (जैरिमैंडरिंग) उस आग में घी डालने का काम कर रहा है। राजनेता इस संकट का लाभ उठाकर सत्ता हथियाने को उचित ठहराने की कोशिश कर रहे हैं।

प्रस्ताव 50 हमारे लोकतंत्र की रक्षा नहीं करता

प्रस्ताव 50 कोई जादुई गोली नहीं है जो देश की सभी बीमारियों का इलाज कर दे। यह लोकतंत्र की रक्षा करने का दावा तो करता है, लेकिन असल में यह हमारे समुदायों की आवाज़ को कमज़ोर बनाता है और राष्ट्रपति की असीमित शक्ति के दुरुपयोग के विरुद्ध बिल्कुल अप्रभावी है। नहीं में मतदान करें।

California के निर्वाचन क्षेत्र विभाजन (जैरिमैंडरिंग) ने विधानसभा को पक्षपातपूर्ण सीटें निर्धारित करने की छूट दी, जहाँ न तो पारदर्शिता रही और न ही नागरिकों की भागीदारी, सिर्फ़ वर्तमान नेताओं की कुर्सी बचाने के लिए। 2001 तक, सरकार गतिरोध में थी, और विधायक अपने-अपने दलों के चरमपंथियों के नियंत्रण में बंधक बने हुए थे।

मतदाताओं ने उठकर कार्रवाई की और निर्वाचन क्षेत्रों की रेखाएँ खींचने का अधिकार नागरिकों को सौंप दिया, जिसके परिणामस्वरूप:

- *प्रतिस्पर्धी निर्वाचन क्षेत्र:* पहले सुरक्षित माने जाने वाले पद अब मेहनत से जीतने पड़ते हैं।
- *बेहतर प्रतिनिधित्व:* विधानमंडल में महिलाओं की संख्या दोगुनी हुई, एशियाई प्रतिनिधित्व तीन गुना बढ़ा, काले प्रतिनिधियों की संख्या लगभग दोगुनी हुई, और लैटिनो सीटों में 8% की वृद्धि हुई।
- *जनता के लिए सरकार:* अधिक मध्यम वर्ग के प्रतिनिधियों के साथ, विधानमंडल ने दोनों पक्षों के समर्थन वाली कानून संहिताएँ पास कीं, जो California के सभी लोगों के हित में काम करती हैं।

हम यानि जनता

ज़िले किसी भी किसी दल के नहीं होते; ये जनता के होते हैं। लेकिन, पार्टी प्रमुख फिर से हमारी ओर से निर्णय लेना चाहते हैं। "पैसे देकर खेलें" प्रणाली के लिए नहीं कहें।

प्रस्ताव 50 कहता है कि यह "अस्थायी" है, फिर भी विधानमंडल 2028, 2030—और शायद उसके बाद भी—स्वतंत्र नागरिक ज़िला पुनर्विभाजन आयोग को फिर से दरकिनार कर देगा। इनके झाँसे में न आएँ।

विधायकों ने यह नक्शा आपके लिए बंद दरवाजों के पीछे तैयार किया ताकि आप सिर्फ़ इस पर मुहर लगा दें। यह आपका चयन नहीं है।

*पक्षपाती निर्वाचन क्षेत्र विभाजन (जैरिमैंडरिंग) के खिलाफ नहीं में मतदान करें। प्रस्ताव 50 पर नहीं में मतदान करें।*

**Cynthia Dai,** परिवर्ती अध्यक्ष
पहला स्वतंत्र नागरिक ज़िला पुनर्विभाजन आयोग

**Jeanne Raya,** परिवर्ती अध्यक्ष
पहला स्वतंत्र नागरिक ज़िला पुनर्विभाजन आयोग

**Jodie Filkins Webber,** परिवर्ती अध्यक्ष
पहला स्वतंत्र नागरिक ज़िला पुनर्विभाजन आयोग



इस पृष्ठ पर छपे तर्क लेखकों की निजी की राय हैं, और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा इनकी सटीकता की जाँच नहीं की गई है।

## ★ प्रस्ताव 50 के विरुद्ध तर्क ★

प्रस्ताव 50: राजनीतिज्ञों द्वारा सत्ता पर कब्ज़ा

प्रस्ताव 50 राजनीतिज्ञों द्वारा, राजनीतिज्ञों के लिए लिखा गया था। प्रस्ताव 50 संवैधानिक सुरक्षा उपायों को विघटित करता है जो चुनावी नक्शों को निष्पक्ष बनाए रखते हैं। यह शहरों, काउंटी और स्थानीय समुदायों को एक साथ रखने की आवश्यकताओं को हटा देता है, और मतदाता संरक्षणों को समाप्त कर देता है, जो ऐसे नक्शों पर प्रतिबंध लगाते हैं जो सत्ता में मौजूद नेताओं या राजनीतिक पार्टियों के पक्ष में बनाए गए हों—इससे राजनीतिज्ञों को फिर से अपने खुद के या अपने मित्रों के निर्वाचन क्षेत्रों को बनाने का नियंत्रण मिल जाता है।

"नहीं" के मतदान से निष्पक्ष चुनावों की रक्षा होती है और California की जनता को—राजनीतिज्ञों को नहीं—ज़िलों के पुनर्विभाजन की प्रक्रिया का नियंत्रण मिलता है।

प्रस्ताव 50 पर नहीं: यह मतदाता द्वारा अनुमोदित चुनाव सुधारों को समाप्त करता है

कई दशकों तक, Sacramento के राजनीतिज्ञ अपने निर्वाचन क्षेत्रों की सीमा-रेखाएँ बंद दरवाजों के पीछे, बिना किसी सार्वजनिक निगरानी के बनाते रहे—जिससे उनकी पुनःनिर्वाचन की गारंटी होती थी, मतदाताओं को वास्तविक विकल्प से वंचित किया जाता था, और कई महिलाओं और रंगभेद प्रभावित लोगों को निर्वाचित पदों से बाहर रखा जाता था।

2008 में, California के मतदाताओं ने ऐतिहासिक चुनाव सुधार को मंजूरी दी—California के स्वतंत्र नागरिक ज़िला पुनर्विभाजन आयोग की स्थापना की। मतदाताओं ने तय किया कि ज़िलों की सीमा-रेखाएँ रोज़मर्रा के नागरिकों की संतुलित समिति द्वारा बनाई जानी चाहिए—न कि उन राजनीतिज्ञों द्वारा जिन्हें इनसे लाभ होने वाला हो।

प्रस्ताव 50 पारदर्शी सार्वजनिक प्रक्रिया के जरिए नागरिकों द्वारा तैयार किए गए संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के नक्शों को रद्द करता है, जिसमें 35,000 से अधिक California वासियों की राय शामिल थी। इसके बजाय, राजनीतिज्ञों ने गुप्त रूप से नक्शे बनाए—जिससे मतदाताओं के पास वास्तविक निर्णय लेने का कोई विकल्प नहीं रहा।

प्रस्ताव 50 पर नहीं: स्वतंत्र रूप से ज़िलों के पुनर्विभाजन को स्थायी रूप से समाप्त करने की एक और योजना

2008 और 2010 में, डेमोक्रेटिक पार्टी और विशेष हितों वालों ने नागरिक ज़िला पुनर्विभाजन को रोकने के लिए लाखों डॉलर खर्च किए। बाद में, California रिपब्लिकन पार्टी ने नागरिकों द्वारा तैयार किए गए नक्शों को उलटने के लिए मुकदमा भी किया—और हार गए। अब, Sacramento के राजनीतिज्ञ प्रस्ताव 50 के जरिए नियंत्रण फिर से हासिल करने की योजना बना रहे हैं।

कोई गलती न करें: प्रस्ताव 50 अस्थायी नहीं है। आधी सदी से भी अधिक समय से, राजनीतिज्ञ अपने पक्षपाती निर्वाचन क्षेत्र विभाजन (जैरीमैंडर किए हुए) नक्शे थोप रहे हैं। इससे भी खराब बात यह है कि यह एक खतरनाक मिसाल स्थापित करता है—जो Sacramento के लिए 2031 के बाद भी चुनावी नक्शे बनाते रहने का रास्ता खोलता है—जिससे राजनीतिज्ञों को स्थायी शक्ति मिलती है ताकि वे और उनके सहयोगी California की जीवन यापन की उच्च लागत, आसमान छूटी हुई आवास कीमतों, और बढ़ते हुए बिजली के बिलों के लिए ज़िम्मेदारी से बच सकें।

प्रस्ताव 50 पर नहीं: राजनीतिक प्रचार से गुमराह न हों

ये वे ही राजनीतिज्ञ हैं जिन्होंने शुरू से ज़िलों के स्वतंत्र पुनर्विभाजन का विरोध किया, अब दावा कर रहे हैं कि प्रस्ताव 50 "लोकतंत्र बचाएगा।" जबकि सच्चाई यह है कि प्रस्ताव 50 निष्पक्ष प्रतिनिधित्व को कमजोर करता है, जनता को बाहर रखता है और California में पक्षपाती निर्वाचन क्षेत्र विभाजन (जैरीमैंडरिंग) को वापस लाता है।

प्रस्ताव 50 लोकतांत्रिक नहीं है; यह मतदाताओं को California के इतिहास के सबसे पक्षपाती नक्शों पर या तो स्वीकार करो या छोड़ दो का निर्णय देता है—जो राजनीतिज्ञों की गुप्त बंद दरवाजों के पीछे की गई मीटिंगों के सौदों का परिणाम है, जिसमें जनता की कोई (शून्य) सार्थक भागीदारी नहीं थी।

प्रस्ताव 50 राजनीतिज्ञों को लाभ पहुंचाने के लिए समुदायों को विभाजित करता है, काउंटियों को 114 बार और शहरों को 141 बार विभाजित करता है—जो नागरिकों द्वारा तैयार किए गए नक्शों की तुलना में कहीं अधिक है।

*"जब राजनीतिज्ञ पक्षपाती निर्वाचन क्षेत्र विभाजन (जैरीमैंडरिंग) करते हैं, तो वे हमारे आस-पड़ोस को विभाजित करते हैं और रंगभेद से प्रभावित समुदायों की आवाज़ को कमजोर करते हैं। Texas में जो कुछ भी हो रहा है, हम California में इसे नष्ट करके लोकतंत्र को नहीं बचा सकते। प्रस्ताव 50 पर नहीं में मतदान करें।"—ईसाई पादरी Mac Shorty, नागरिक अधिकार नेता*

प्रस्ताव 50 पर नहीं: करदाता के पैसों की भारी बर्बादी

विधानमंडल ने इस राजनेता को सुरक्षित करने वाले संवैधानिक परिवर्तन को पारित करने के लिए यह विशेष चुनाव करवाया है—जिसकी लागत करदाताओं को $200,000,000 पड़ेगी।

भारी बजट घाटे के साथ, Sacramento के राजनीतिज्ञ स्वास्थ्य देखभाल, आवास, शिक्षा और सार्वजनिक सुरक्षा में बड़ी कटौतियाँ कर रहे हैं। महत्वपूर्ण प्रोग्रामों की रक्षा करने की बजाय, वे इसे राजनीतिक सत्ता पर कब्ज़ा करने के लिए खर्च कर रहे हैं।

प्रस्ताव 50 पर नहीं में मतदान करें।

*VotersFIRSTAct.org*

**Roberto Moncada**, बोर्ड के सदस्य
यूनाईटेड लैटीनोज़ एक्शन

**Faith Bautista Tamashiro**, प्रेज़ीडेंट
राष्ट्रीय विविधिता गठबंधन

**Taylor Shorty**, बोर्ड के सदस्य
कम्यूनिटी रीपॉवर मूवमेंट

## ★ प्रस्ताव 50 के विरुद्ध तर्क का खंडन ★

*चेतावनी: प्रस्ताव 50 के खिलाफ नहीं का मतदान TRUMP के चरमपंथियों द्वारा समर्थित है*

प्रस्ताव 50 के खिलाफ़ लाखों डॉलर कौन खर्च कर रहा है?

Charles Munger Jr. नामक एक महा-करोड़पति, जो जनता के चयन के खिलाफ़ है, जो Donald Trump और रेड स्टेट वाले रिपब्लिकन्स की 2026 के चुनावों में मदद करना चाहता है और Trump को अगले दो वर्षों के लिए अनियंत्रित शक्ति सौंपना चाहता है।

स्वतंत्र नागरिक ज़िला पुनर्विभाजन आयोग के कमिश्नर, चुनाव विशेषज्ञों और प्रमुख नागरिक अधिकार संगठनों—NAACP से लेकर ज़िला पुनर्विभाजन राष्ट्रीय नागरिक समिति तक—आपसे आग्रह करते हैं कि प्रस्ताव 50 पर नहीं मतदान करके नकली फ्रंट ग्रुप्स द्वारा फैलाए जा रहे झूठ को अस्वीकार करें।

*झूठ #1: "प्रस्ताव 50 ऐतिहासिक मतदाता द्वारा अनुमोदित चुनाव सुधारों को निरस्त करता है।"* यह पूरी तरह से झूठ है। प्रस्ताव 50 सभी राज्यों से पक्षपाती निर्वाचन क्षेत्र विभाजन (जैरीमैंडरिंग) को समाप्त करने का आह्वान करता है और अगली जनगणना के बाद California के ज़िला पुनर्विभाजन नागरिक आयोग को सीमा-रेखाएँ खींचने का अधिकार दोबारा देने को सुनिश्चित करता है।

*झूठ #2: "प्रस्ताव 50 शहरों, काउंटियों और स्थानीय समुदायों को एक साथ रखने की आवश्यकताओं को हटा देता है।"* यह दावा गलत है—प्रस्ताव *50* इसके विपरीत काम करता है, California के मौजूदा नक्शों की तुलना में अधिक शहरों और काउंटियों को एक साथ रखता है और समुदायों को साथ में बनाए रखता है।

*झूठ #3: "प्रस्ताव 50 राजनीतिज्ञों को फिर से अपने स्वयं के निर्वाचन ज़िले बनाने का अधिकार देता है।"* यह सच नहीं है। प्रस्ताव 50 आपातकालीन नक्शों को अनुमोदित करने का अधिकार मतदाताओं के हाथों में देता है, राजनीतिज्ञों के हाथों में नहीं।

*झूठ #4: "प्रस्ताव 50 ज़िलों के पुनर्विभाजन को हमेशा के लिए खत्म करता है।"* यह भी सच नहीं है। प्रस्ताव 50 Trump की चुनाव में हेराफेरी करने की योजना के प्रति अस्थायी और अनुपातिक प्रतिक्रिया है, जो 2030 में समाप्त हो जाती है।

California निवासी Donald Trump और Texas के रिपब्लिकंस को 2026 के चुनाव में हेराफेरी नहीं करने दे सकते और हमारी आवाज़ों को दबा नहीं सकते।

प्रस्ताव 50 पर हाँ में मतदान करें।

लोकतंत्र की रक्षा करें, निर्दलीय ज़िला पुनर्विभाजन को बनाए रखें और सुनिश्चित करें सभी 50 राज्यों में निष्पक्ष चुनाव हों।

**Sara Sadhwani,** आयुक्त
2020 California नागरिक ज़िला पुनर्विभाजन आयोग

**Jodi Hicks,** प्रेज़ीडेंट
California का नियोजित पितृत्व संबद्धता

**Nikki Davis Milevsky,** प्रेज़ीडेंट
Sacramento शहर की टीचर्स एसोसिएशन

इस पृष्ठ पर छपे तर्क लेखकों की निजी राय हैं, और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा उनकी सटीकता की जाँच नहीं की गई है।